

# कबीर की वाणी से शुरू हुआ कजरौटा महोत्सव

## व्यंकटेश लोक में होंगे तीन दिन तक विविध कार्यक्रम





नवभारत न्यूज

**सतना 30 जनवरी. कला साहित्य एवं परम्पराओं का अनूठा संगम भारतीय कला महोत्सव कजरौटा का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक व्यंकटेश लोक, सतना में किया जा रहा है।**

महोत्सव के द्वितीय दिवस 31 जनवरी को कला, तकनीक पत्रकारिता विषय पर आधारित संवाद सत्र एवं परिचर्चा आयोजित होगी। जिनमें मध्यप्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, विविध भारती मुम्बई के आरजे यूनुस खान, वरिष्ठ पत्रकार गिरजा शंकर भोपाल, जयराम शुक्ला रीवा तथा भोपाल के टीवी न्यूज एंकर अंचल शुक्ला अपने-अपने विषयों पर व्याख्यान देंगे। इसी दिन रवीन्द्रनाथ टैगोर की कहानियों के तीन छोर की नाट्य प्रस्तुति, श्री जानकी बैण्ड की बुन्देली लोकगीतों की संगीत प्रस्तुति और भारतीय नृत्य परंपरा में पारम्परिक, शास्त्रीय लोक नृत्य की प्रस्तुतियां होगी। महोत्सव के तीसरे दिन 1 फरवरी को समकालीन साहित्य एवं आंचलिक साहित्य पर आधारित साहित्य विमर्श, हिन्दी, उर्दू, बघेली रचना पाठ के अलावा अनूप का अशेष संसार, जिंदगी ना मिलंदी बीहर सिंधी नाट्य प्रस्तुतियां होगी। आकाश वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रमों में महोत्सव निदेशक अनामिका सिंह ने जिले के साहित्यकारों, संगीत रसिक श्रोताओं एवं नगर वासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होने का आग्रह किया है।




## एडीआरएम ने लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सतना 30 जनवरी. शुक्रवार को एक ओर जहां रेल महाप्रबंधक पमरे शोभना बंधोपाध्याय द्वारा रीवा का रुख किया गया वहीं दूसरी ओर सहायक मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार ने सतना रेलवे स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

एडीआरएम आनंद कुमार ने रेलवे प्लेटफार्म से होते हुए टिकट काउंटर व आरक्षण केंद्र को ओर नजर दौड़ाई. इसी कड़ी में रेलवे स्टेशन परिसर और सर्कुलेटिंग क्षेत्र का भी निरीक्षण किया. इसके साथ ही एडीआरएम द्वारा गति शक्ति से संबंधित कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक जानकारी के बार में पूछा. वहीं निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन से संबंधित कार्यों पर बारीकी से गौर करते हुए गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष बल देने की ताकीद की. इसके साथ ही रेलवे प्लेटफार्म पर ऑपरेशनल जिम्मेदारी संभाल रहे कर्मचारियों को विशेष सर्कतकता बरतने के निर्देश दिए.



## तीन ट्रक में लदे 61 मवेशियों को पुलिस ने छुड़ाया

### मवेशी लेकर जा रहे 3 तस्करों के विरुद्ध की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 30 जनवरी. तीन ट्रकों में ठूंस ठूंस क्रूरतापूर्वक लादे गए 61 मवेशियों को छुड़ाने के साथ ही जिले की चित्रकूट थाना पुलिस द्वारा तस्करी में लिप्त 3 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई.**

चित्रकूट थाना प्रभारी गिरिजा शंकर वाजपेयी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए पशु तस्करी की सूचना मिली थी. जिसके आधार पर पुलिस टीम ने सती अनसुईया मोड़ के निकट घेराबंदी कर दी. इसी दौरान गोदावरी मोड़ से चित्रकूट की ओर आते हुए 3 डीसीएम ट्रक नजर आए. जांच के लिए रोकने के बाद जब ट्रक के पिछले हिस्से की तिरपाल हटाई गई तो उनमें ठूंस ठूंस कर क्रूरतापूर्वक भैंस और पड़वे नजर आए. पूछताछ किए जाने पर ट्रक चालकों की पहचान निजाउद्दीन पिता मुवीन अहमद 45 वर्ष बरीपुर कौशांबी उप्र, गनेश चौधरी पिता रमेश 30 वर्ष जहवाहर नगर सतना और बीरन सिंह पिता राजेंद्र 30 वर्ष हासिनपुर फतेहपुर उप्र के तौर पर हुई. पुलिस के अनुसार एक ट्रक में 20 नग पड़वे, दूसरे में 8 भैंस, 11 नग पड़वे, 12 नग छोटी पड़िया और तीसरे ट्रक में 1 भैंस, व 9 नग पड़वे लदे पाए गए. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा तीनों चालकों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और मप्र कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया. इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त तीनो ट्रक कीमती 15 लाखस सहित कुल 61 मवेशी कीमत 29 लाख को जब्त कर लिया गया.

## सर्द हवाओं ने गिराया दिन-रात का पारा, कोहरे ने बढ़ाई मुसीबत

नवभारत न्यूज

**सतना 30 जनवरी. दो दिन पहले हुई मामूली बारिश के बाद मौसम ने कुछ इस कदर करवट बदली कि एक बार फिर से जबरदस्त गलन शुरु हो गई. आलम यह रहा कि महज 24 घंटे में ही दिन और रात के तापमान में 3 डिग्री से अधिक की गिरावट दर्ज कर ली गई.**

मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान के बढ़ने और फिर फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश का दौर सामने आ सकता है.

मौसम कार्यालय के अनुसार शुक्रवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. अधिकतम तापमान में एक ओर जहां पिछले 24 घंटे में 0.7 डिग्री की गिरावट देखने को मिली. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में 3.4 डिग्री नीचे आंका गया. इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इस लिहाज से न्यनूतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 3.3 डिग्री की गिरावट दर्ज कर ली गई. जबकि सामान्य की तुलना में भी यह 0.2 डिग्री सेल्सियस कम आंका गया.



इस मौसमी फेरबदल का सीधा असर जनजीवन पर पड़ता नजर आने लगा. सर्द हवाओं की वजह से एक ओर जहां जबरदस्त गलन शुरु हो गई वहीं दूसरी ओर शुक्रवार की सुबह शहर सहित जिले भर में घना कोहरा छाया रहा. कोहरे के असर के चलते दोपहर होने तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके. दोपहर बाद धूप निकलने के बाद भी गलन में कोई कमी नहीं आई.

### राहत मिलने के बाद बारिश

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को सर्द हवाओं और कोहरे के असर की संभावना बन रही है . लेकिन परिश्चमी विक्षोभ की सक्रियता के शुरु हो जाने से फरवरी के आरंभ होते ही एक बार फिर से न्यूनतम तापमान में थोड़ा इजाफा देखने को मिलेगा . जिसके बाद विंध्य में बारिश का असर शुरु हो सकता है . बारिश के साथ गरज चमक की संभावना भी जताई जा रही है .

## कार की डिग्गी में मिली 54 लीटर अवैध शराब

**सतना, 30 जनवरी.** मैहर जिले की ताला थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 54 लीटर शराब जब्त की। इस मामले में जहां एक आरोपी को दबोच लिया गया वही दो आरोपी भाग निकलने में सफल रहे। इसके साथ ही परिवहन में प्रयुक्त कर को जप्त कर लिया गया। थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेंद्र मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 21:45 बजे विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अमरपाटन से रामगढ़ की ओर आ रही एक सफेद रंग की टाटा मंझा कार क्रमांक स्क्ष9 ष्ट 5817 को रामगढ़ चौराहे के पास घेराबंदी कर रोका गया।

## सेवानिवृत्ति पर जिला शिक्षा अधिकारी को भावभीनी विदाई

▸ गिरीश अग्रिहोत्री होंगे नए डीईओ



नवभारत न्यूज

**सतना 30 जनवरी. जिला शिक्षा अधिकारी के तौर पर 6 महीने तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्रीमती कंचन श्रीवास्तव को भावभीनी विदाई दी गई. इस अवसर पर सरस्वती पूजन व भण्डारे के आयोजन भी किया गया. विदाई समारोह में प्रशासनिक अधिकारी समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों की खासी संख्या मौजूद रही.**

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव शनिवार को सेवानिवृत्त होने जा रही हैं. चूंकि शनिवार को कार्यालय में अवकाश होता है इसलिए एक दिन पहले ही उनके विदाई समारोह का आयोजन जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में किया गया. विदाई समारोह में प्रमुख तौर पर सीओ शैलेंद्र सिंह, जेडी नीरव दीक्षित, सहायक संचालक शिक्षा गिरीश अग्रिहोत्री समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे. विदाई समारोह के दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा श्रीमती श्रीवास्तव के 6 माह के कार्यकाल की प्रशंसा की गई.

इसी कड़ी शॉल व श्रीफल देकर उनका सम्मन किया गया. इसी समारोह में योजना अधिकारी के पद से ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुके भूप सिंह बघेल और सेवा निवृत्त हो चुके लेखापाल आलोक नामदेव को भी शॉल-श्रीफल देकर उनका अभिनंदन किया गया. उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में लगभग 3 वर्ष पहले मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी. लिहाजा शुक्रवार को डीईओ के विदाई समारोह के अवसर पर सरस्वती पूजन करने के साथ ही भण्डारा प्रसाद का वितरण भी किया गया.

### गिरीश अग्रिहोत्री को प्रभार

मौजूदा जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव की सेवा निवृत्ति को देखते हुए प्रशासकीय कार्य सुविधा भी दृष्टि से लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया . जिसके अनुसार प्रभारी सहायक संचालक गिरीश अग्रिहोत्री को अपने कार्य के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी सतना का प्रभार अस्थायी रुप से सौंप दिया गया .

## कलेक्टर ने शिवराजपुर विद्यालय का किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सतना 30 जनवरी. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के साथ नागौद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवराजपुर का निरीक्षण किया।**

इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर की विभिन्न व्यवस्थायें जिसमें भवन की स्थिति, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल, खेलकूद सामग्री और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। कलेक्टर कक्षाओं में बच्चों के बीच भी पहुंचे। उन्होंने वहां अध्यापन कार्य की प्रगति, शिक्षकों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम तथा बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। छात्रों ने खुले मन से अपनी पढ़ाई और स्कूल की व्यवस्थाओं के बारे में कलेक्टर को बताया। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र वर्मा सहित स्कूल का शैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे कलेक्टर ने शिवराजपुर हायर सेकेण्डरी विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बच्चों की क्लास में जाकर सांख्यिकी और गणित के सवाल पूंछे। संतोषजनक उत्तर पाकर कलेक्टर ने छात्रों को परीक्षा के निकट समय होने पर अच्छी तैयारी करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्कूल की प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के प्रायोगिक ज्ञान का जायजा लिया।

सहकारी समिति शिवराजपुर के धान उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केन्द्र प्रभारी से अब तक उपार्जित धान और परिवहन की जानकारी ली। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि आज 12 ट्रक धान का परिवहन हुआ है। शेष स्कंध का परिवहन कल पूरा कर लिया जायेगा।



## महापौर ने की संपत्तिकर वसूली की समीक्षा

### एक लाख से अधिक के बकायादारों पर कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जनवरी. नगर निगम सतना के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में संपत्तिकर एवं राजस्व शाखा की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त सहित राजस्व शाखा के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।**

समीक्षा बैठक के दौरान महापौर श्री ताम्रकार ने संपत्तिकर वसूली की वर्तमान स्थिति, बकाया करों की समीक्षा तथा चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों का बिंदुवार परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि एक लाख रुपये से अधिक के समस्त बकायादारों के विरुद्ध नियमानुसार तत्काल, सख्त एवं परिणामपरक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि राजस्व वसूली में ठोस प्रगति दर्ज हो।

महापौर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संपत्तिकर नगर निगम की वित्तीय व्यवस्था की रीढ़ है और इस दायित्व में किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता अथवा उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने राजस्व वसूली व्यवस्था को पूर्णतः समयबद्ध, पारदर्शी एवं लक्ष्य-केन्द्रित बनाने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में विफल रहने अथवा कार्य में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में



### स्वशासी ने जीती महिला पिट्टू प्रतियोगिता

**सतना .** स्थानीय शासकीय स्वशासी महाविद्यालय में सत्र 2025-26 की जिला स्तरीय महिला पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल स्पर्धा में जिले की विभिन्न महिला टीमों ने अपना कौशल दिखाया, जिसमें मेजबान टीम ने बाजी मारी। पूरे दिन चले कड़े मुकाबलों के बाद फाइनल मैच शासकीय स्वशासी महाविद्यालय, सतना और शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में शासकीय स्वशासी महाविद्यालय, सतना विजेता रहा एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय, सतना उपविजेता रहा।




### नशे के विरुद्ध जेल में हुआ नुक्कड़ नाटक

**सतना।** केन्द्रीय जेल में राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बंदियों ने नुक्कड़ नाटक आयोजित किया। जिसकी सभी ने सराहना की। पार्थशंकर मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के मुख्य आतिथ्य, मोहम्मद जीलानी विधिक सहायता अधिकारी, श्रीमती लीना कोष्टा जेल अधीक्षक, सोनवीर सिंह कुशवाह जेल उपअधीक्षक, अनिरूद्ध कुमार तिवारी कल्याण अधिकारी, फिरोजा खातून सहायक जेल अधीक्षक (अष्टकोण अधिकारी) की उपस्थिति में बंदियों के मध्य इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## सवर्ण समाज ने प्रदर्शन कर यूजीसी का पूतला फूंका

नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जनवरी. यूजीसी कानून 2026 के प्रस्तावित प्रावधानों के विरोध में आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को सवर्ण समाज सहित सर्व समाज के नागरिकों द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सर्किट हाउस चौक, सतना में प्रतीकात्मक रूप से त्नष्ट कानून का पुतला दहन कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई।**

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि त्नष्ट कानून 2026 के कुछ प्रावधान शिक्षा में समान अवसर, योग्यता एवं निष्पक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप प्रतीत नहीं होते। समाज का मत है कि यह कानून विशेष रूप से विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य पर दूरगामी प्रभाव डालेगा । जिस पर पुनर्विचार आवश्यक है। सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने सरकार से आग्रह किया कि त्नष्ट कानून 2026 के प्रावधानों की व्यापक समीक्षा की जाए तथा सभी सामाजिक वर्गों, शिक्षाविदों एवं छात्र संगठनों से संवाद स्थापित कर न्यायसंगत और संतुलित शिक्षा नीति सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा तथा उपस्थित नागरिकों ने संविधान के दायरे में रहते हुए अपनी बात रखी। आंदोलन का संयोजन करने वाले युवा समाजसेवी शशांक सिंह बघेल ने सरकार से मांग किया कि त्नष्ट कानून 2026 को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा शिक्षा व्यवस्था में सभी वर्गों के लिए न्यायपूर्ण, पारदर्शी और समान अवसर सुनिश्चित किए जाएं।

## गिरीश अग्निहोत्री सतना के नए डीईओ बनाए गए

नवभारत न्यूज

**सतना. 30 जनवरी. जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त हुए पद पर सहायक संचालक गिरीश अग्निहोत्री को प्रभार के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए है.**

लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता द्वारा पत्र क्रमांक/स्था./राज./बी/06/2026/ 241 भोपाल 30 जनवरी के अनुसार



प्राशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से गिरीश अग्निहोत्री प्रभारी सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना को अपने वर्तमान कार्य के साथ -साथ जिला शिक्षा अधिकारी सतना का प्रभार अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौंपा गया है.

## आईएसबीटी बसों की टाइमिंग पर संशय, आरटीए ने मांगे ऑपरेटर्स से आवेदन

नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जनवरी. नए आईएसबीटी से संचालित होने वाली बसों की टाइमिंग को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। कई बसों की दूरी या तो बढ़ गई है या फिर कम हो गई है, जिससे बस संचालन में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।**

इसी के मद्देनजर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण ने ऐसे सभी बस ऑपरेटर्स से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिनकी बसों की समय-सारिणी या परमिट समय चक्र में बदलाव हुआ है।

प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस संबंध में शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी। मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 72 एवं 80 के प्रावधानों के तहत बस ऑपरेटर्स को परमिट के समय चक्र में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के समक्ष विधिवत आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इन आवेदनों का यथोचित निराकरण आरटीए द्वारा नियमों के अनुसार किया जाएगा। कमिश्नर एवं रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी बीएस जामोद ने इस संबंध में सतना कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर संभाग के सभी जिलों के आरटीओ को निर्धारित प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### बहाल हुई बस सेवा

इधर, गुरुवार देर शाम प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बैठक तथा कलेक्टर द्वारा गठित समिति की पहल के बाद शुक्रवार से सतना के पुराने बस स्टैंड से सतना-चित्रकूट, नागौद, पन्ना और सेमरिया रूट की बसों का संचालन पुन: शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि फिलहाल 6 फरवरी तक कलेक्टर द्वारा गठित समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत होने तक बस ऑपरेटर्स ने अपनी हड़ताल स्थगित कर रखी है। इससे बस संचालकों के साथ-साथ आम यात्रियों को हो रही परेशानी से भी राहत मिली है और शहर में यातायात व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य होती नजर आ रही है।

### एकेएस की स्मार्ट हाइड्रोजन तकनीक का यूके में पंजीयन

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के में सेंटर फॉर ग्रीन केमिस्ट्री एंड सस्टेनेबिलिटी में विकसित



एक उन्नत स्मार्ट विद्युत-अपघटन हाइड्रोजन उत्पादन उपकरण को यूनाइटेड किंगडम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजीकरण की मान्यता प्राप्त हुई है। यह पंजीकरण वर्ष 1949 के पंजीकृत अभिकल्प अधिनियम के अंतर्गत 9 दिसंबर 2025 को दर्ज किया गया तथा 17 दिसंबर 2025 को स्वीकृत हुआ ।यह उपलब्धि स्वच्छ ऊर्जा की वैश्विक आवश्यकता के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक हस्तक्षेप के रूप में देखी जा रही है। इस अनुसंधान कार्य में विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी की सक्रिय सहभागिता रही.

### शहीदों की शहादत के कारण ही हम स्वच्छंद : मनीष

**सतना.** वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता मनीष तिवारी ने आज शहीद दिवस के



अवसर पर शहीदों की शहादत को याद करते हुए उन्हें पुरनम श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित लाखों शहीदों की शहादत के दम पर ही आज हम भारतवासी स्वच्छंद वातावरण में विकसित भारत की दिशा की ओर अग्रसर है।